आकाशवाणी चंडीगढ

04अगस्त 2025, समय 18.10

मुख्य समाचार

1. श्रम और रोज़गार मंत्री मनसुख मांड़विआ ने कहा कि रोज़गार मेले के तहत गत सोलह महीनो में ग्यारह लाख से अधिक युवाओ को रोज़गार मिला है।

2. हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज पंचकुला में मुख्य मंत्री ग्रामीण आवास योजना के तीन हज़ार आठ सौ चौरासी लाभार्थीओ को भूखंडो के आवंटन पत्र वितरित किए।

3. हरियाणा सरकार ग्यारह अगस्त को नारायणगढ़ तहसील में ऑनलाइन पेपरलेस डीड पंजीकरण प्रणाली के लिए प्रायोगिक परियोजना शुरू करेगी।

4. सर्वोच्च न्यायालय ने दो हजार बीस में चीन के साथ गलवान घाटी में हुई झड़प के संधर्व में राहुल गाँधी द्वारा भारतीय सेना के बारे की गयी कथित अपमानजनक टिप्णियों पर नाराज़गी जताई।

5. मौसम विभाग ने हरियाणा और चंडीगढ़ में नौ अगस्त तक हलकी से भारी वर्षा होने की संभावना जताई।

---

श्रम और रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि रोजगार मेले के तहत पिछले 16 महीनों में 11 लाख से ज़्यादा युवाओं को रोज़गार मिला है। लोकसभा में एक पूरक प्रश्न का उत्तर देते हुए श्री मांडविया ने कहा कि आरबीआई की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले एक दशक में 17 करोड़ से ज़्यादा युवाओं को रोज़गार मिला है

*मोदी 3.0 की गर्वमेंट के पहले ही बजट में आने वाले 5 साल में 4 करोड़ से अधिक जॉब निर्माण करने के लिए 2 लाख करोड़ से अधिक रकम से प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना भी एनाउसंमेंट था और ये योजना का आज बहुत अच्छा नतीजा भी मिल रहा है।*

श्री मांडविया ने बताया कि सेवा क्षेत्र में, एनडीए सरकार के कार्यकाल में रोजगार सृजन बढ़कर 36 प्रतिशत हो गया है।

*यूपीए के एक दशक में 25 प्रतिशत सर्विस सेक्टर में जॉब निर्माण होता था। आज सर्विस सेक्टर में 36 प्रतिशत रोजगार निर्माण के साथ देश आगे बढ़ रहा है। अनइंप्लॉयमेंट रेट देश में आज 3.2 प्रतिशत है, जो डेवलेप्ड कंट्री के बराबर है।*

---

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने आज पंचकूला में मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के लाभार्थियों को आवंटन पत्रों तथा मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत लाभार्थियों को अंतरिम मलकीयत प्रमाण पत्र वितरित किए।

पंचकूला में आयोजित इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत 58 गांवों के 3हजार 884 लाभार्थियों को भूखंडों के आवंटन पत्र दिए गए हैं और आज ही मुख्यमंत्री आवास योजना शहरी के तहत जगाधरी के सेक्टर 23 में 1 हजार 144 लाभार्थियों को अंतरिम मलकीयत के प्रमाण पत्र भी वितरित किए

मुख्यमंत्री ने कहा हरियाणा में कांग्रेस सरकार ने गरीब लोगों को भूखंड देने के नाम पर सिर्फ सपना दिखाया, न ही उन्हें कागजात दिए गए और न ही कब्जा मिला। इसके विपरीत, वर्तमान राज्य सरकार ने गरीबों को 100-100 गज के भूखंड के कागजात और कब्जा देकर उनका सपना साकार किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा की डबल इंजन की सरकार हर गरीब के सिर पर छत  देने के मिशन पर काम कर रही है। देश में केंद्र सरकार और हरियाणा में प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री ग्रामीण और शहरी आवास योजना को धरातल पर उतार रही है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में 2 हजार 229 करोड़ की लागत से हरियाणा में 1 लाख 47 हज़ार 50 मकान बनाकर दिए है।  प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत 30 गज के भूखंड शहरों में गरीबो को दिए गए हैं।

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र में 59 हजार 150 मकानों की चाबी दी गई है। इसी तरह मोदी सरकार ने 77 हजार 900 मकान की चाबी शहरी  क्षेत्र में लाभार्थियों को दी है।

----------------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा सरकार आगामी 11 अगस्त को नारायणगढ़ तहसील में ऑनलाइन पेपरलेस डीड पंजीकरण प्रणाली के लिए एक प्रायोगिक परियोजना शुरू करेगी ।

हरियाणा के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की वित्त आयुक्त डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि यह प्रायोगिक परियोजना आम जनता के लिए भूमि पंजीकरण प्रक्रिया को सरल और कारगर बनाने के लिए बनाई गई है। संपत्ति खरीदार और विक्रेता यह सुविधा अपनी सुविधानुसार ऑनलाइन ले सकेंगे।

डॉ. मिश्रा ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य जनता के संपर्क या प्रत्यक्ष उपस्थिति को कम करना है। उन्होंने कहा कि इस संरचित-तंत्र से प्रतीक्षा समय कम होने, कतारें खत्म होने और प्रक्रियात्मक अक्षमताओं को कम करने की

उम्मीद है, जिससे जनता को अधिक पेशेवर और सहज अनुभव प्राप्त होगा। नए मॉडल की एक प्रमुख विशेषता लेन-देन में पारदर्शिता है। सभी राजस्व रिकॉर्ड वास्तविक समय में अपडेट किए जाएंगे और किसी संपत्ति पर किसी भी मौजूदा विवाद, ऋणभार या लंबित ऋण को पंजीकरण प्रक्रिया के दौरान स्वचालित रूप से चिह्नित किया जाएगा, जिससे खरीदार और विक्रेता दोनों ही सूचित-निर्णय ले सकेंगे।

---------------------------------------------------------------------------------------------------

सर्वोच्चस न्या यालय ने आज, 2020 में चीन के साथ गलवान घाटी में हुई झड़प के संदर्भ में, भारतीय सेना के बारे में, विपक्ष के नेता राहुल गांधी की कथित अपमानजनक टिप्पणियों पर नाराजगी जताई। न्यायालय ने सुनवाई के दौरान श्री गांधी की टिप्पणियों को मौखिक रूप से खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति ए.जी. मसीह की पीठ ने कहा कि विपक्ष का नेता होने के नाते श्री राहुल गांधी को ऐसी कोई भी टिप्पणी सोशल मीडिया पर नहीं, बल्कि संसद में करनी चाहिए। न्यायमूर्ति दत्ता ने गांधी के इस दावे पर सवाल उठाया कि चीन ने 2,000 वर्ग किलोमीटर भारतीय क्षेत्र पर कब्जा कर लिया है। शीर्ष अदालत ने सीमा सड़क संगठन के एक पूर्व निदेशक द्वारा दायर आपराधिक मानहानि के मामले पर रोक लगा दी।

---------------------------------------------------------------------------------------------------

भारतीय मौसम विभाग के चंडीगढ़ स्थित मौसम विज्ञान केंद्र ने हरियाणा और चंडीगढ़ में आज , कल और परसों और उसके बाद 8 व 9 अगस्त को कई स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना जताई है। इसके इलावा 5 अगस्त को कुछेक स्थानों पर व कल व परसों कहीं कहीं बहुत भारी वर्षा होने के आसार भी जताए गए है विभाग ने कहा है कि हरियाणा और चंडीगढ़ में 6, और 7 अगस्त को कुछेक स्थानों पर हल्की वर्षा हो सकती है।

---------------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री नायब सैनी की पत्नी सुमन सैनी ने आज लाडवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का दौरा किया।

निरीक्षण के दौरान श्रीमती सुमन सैनी ने अस्पताल के विभिन्न कमरों, ओपीडी, दवा वितरण केंद्र एवं अन्य चिकित्सा व्यवस्था का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया।

पत्रकारों से बातचीत में हरियाणा बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कहा कि स्वास्थ्य केन्द्र में सरकार की ओर से पहले की तुलना में काफी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

उन्होंने कहा कि कमियाँ भी देखी गई हैं, जिन्हें जल्द ही पूरा करवाया जाएगा। विशेष रूप से डॉक्टरों की कमी को दूर करने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं।

------------------------------------------------------------

भारतीय डाक विभाग ने अपनी महत्वाकांक्षी आईटी आधुनिकीकरण परियोजना 2.0, का आज भिवानी के घंटाघर स्थित डाकघर से शुभारंभ किया।

भिवानी डाकघर अधीक्षक संजय कुमार ने बताया कि इससे एडवांस्ड पोस्टल टेक्नोलॉजी -एपीटी 2.0 भी कहा जाता है। इस नई प्रणाली के लागू होने से भिवानी मंडल के सभी डाकघरों में अब डाक सेवाएं पूरी तरह से डिजिटल और आधुनिक हो गई हैं। इससे ग्राहकों को सीधा लाभ होगा।

उन्होंने कहा कि यह अत्याधुनिक प्रणाली डाक बुकिंग से लेकर वितरण, लेखा और शिकायत निवारण तक सभी प्रमुख कार्यों को एक ही एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म पर संचालित करेगी।

----------------------------------------------------------------------------------------------------